



# न्यूज़ लेटर
## उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो

UTTAR PRADESH POLICE RADIO

मई–2021

### उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय पर कोविड-19 संक्रमण से सम्बन्धित प्रोटोकॉल का अनुपालन

- उत्तर प्रदेश सरकार के कोविड–19 प्रोटोकॉल / दिशा–निर्देशों का अनुपालन उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय के कार्मिकों द्वारा पूर्ण सजगता से किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार एवं प्रशिक्षण केन्द्र के प्रवेश द्वार पर प्रत्येक प्रवेशकर्ता की डिस्टेंट थर्मल स्कैनिंग की जा रही है। प्रवेशकर्ताओं के उपयोग हेतु सेनेटाइज़र व साबुन–पानी की व्यवस्था प्रवेश द्वार पर ही की गयी है। बाहरी प्रवेशकर्ताओं के नाम, मोबाइल नम्बर, आदि विवरण भी नोट किये जा रहे हैं। बाहर से आने वाले एवं मुख्यालय में प्रवेश करने से पूर्व वाहनों को सेनेटाइज़ कराया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो कॉलोनी में प्रवेश के लिये एक मात्र मुख्य द्वार ही खोला गया है जिस पर प्रवेशकर्ता की डिस्टेंट थर्मल स्कैनिंग की जाती है। इस द्वार पर भी बाहरी प्रवेशकर्ताओं के नाम, मोबाइल नम्बर, आदि विवरण भी नोट किये जा रहे हैं।

मुख्यालय में कोविड हेल्प डेस्क भी बनायी गयी है। मुख्य भवन, पोलनेट भवन एवं प्रशिक्षण केन्द्र में कार्मिकों के उपयोगार्थ स्वचालित हैण्ड सेनेटाइज़िंग मशीनें भी लगायी गयी हैं। समय–समय पर कार्यालयों का सेनेटाइज़ेशन भी कराया जाता है।

ज्ञातव्य हो कि उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो मुख्यालय से वेतन आहरित करने वाले 979 कार्मिकों में से प्रथम चरण में 922 कार्मिकों ने तथा द्वितीय चरण में 975 कार्मिकों में से 918 कार्मिकों द्वारा वैक्सीन लगवा ली गयी है।





**अन्दर के पृष्ठों पर.......**

- उपलब्धियाँ
- सराहनीय कार्य
- आगामी गतिविधियाँ
- कल्याणकारी कार्य

आदेश, गोष्ठी एवं भ्रमण

तकनीकी स्तम्भ

विविध

## सराहनीय कार्य

● जनपद गोरखपुर में दिनांक 09–10.04.2021 को मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0 के जनपद आगमन/प्रवास/भ्रमण कार्यक्रम के दौरान हैलीपैड, कार्यक्रम स्थल, फ्लीट एवं मार्ग व्यवस्था संचरण के दौरान निर्विघ्न संचार व्यवस्था स्थापित की गयी।

● उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन–2021 के अर्न्तगत प्रधान ग्राम पंचायत, सदस्य ग्राम पंचायत, सदस्य क्षेत्र पंचायत एवं सदस्य जिला पंचायत हेतु सभी 75 जनपदों में चार चरणों में निर्वाचन प्रक्रिया सम्पन्न हुई। यह चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने हेतु निम्नानुसार अतिरिक्त वायरलेस सेट्स की व्यवस्था की गयी–

| स्थान | स्टै0/मोबा0 | हैण्ड हैल्ड |
|---|---|---|
| महाराष्ट्र | 500 | 500 |
| राजस्थान | 400 | 400 |
| डीसीपीडब्लू | 187 | 250 |
| कुल योग | 1087 | 1150 |

वायरलैस सेट्स के संचालन हेतु स्टाफ उत्तर प्रदेश पुलिस रेडियो का ही रहा जिसने दिन–रात परिश्रम करके उक्त महत्वपूर्ण चुनाव प्रक्रिया के दौरान निविध्न संचार व्यवस्था की स्थापना व संचालन का दुरुह कार्य सकुशल सम्पन्न किया।

## पुलिस मुख्यालय, उ0प्र0 के आदेश/निर्देश

● मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्याः डीजी–आठ–93(03)/2020–5 दिनांक 08.04.2021 एवं 15.04.2021 द्वारा कोविड–19 के संक्रमण की प्रभावी रोकथाम हेतु प्रदेश के जागरूकता बढ़ाने के लिये निर्गत किये जा रहे निर्देशों का कड़ाई से सम्यक् अनुपालन सुनिश्चित कराने के सम्बन्ध में पुलिस आयुक्त, लखनऊ/गौतमबुद्धनगर/वाराणसी/कानपुर एवं समस्त पुलिस उपमहानिरीक्षक/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक तथा समस्त सेनानायक को निर्देशित किया गया है।

## उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय के आदेश/निर्देश

● उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पत्र संख्याः एफ–79/2021(बाढ़) दिनांक 13.04.2021 द्वारा वर्ष–2021 में अधिष्ठापित किये जाने वाले बाढ़ बेतार केन्द्रों की संलग्न सूची अनुसार परिक्षेत्र से सम्बन्धित जनपदों में निर्धारित तिथि से पूर्व बाढ़ संचार केन्द्र अधिष्ठापित करने हेतु सम्बन्धित जनपदीय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किये जाने हेतु समस्त पुलिस महानिरीक्षक/उप महानिरीक्षक परिक्षेत्र (प्रयागराज/कानपुर को छोड़कर) से अनुरोध किया गया है।

● अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0, लखनऊ के ज्ञाप संख्याः एम–104/2017 (मिस)पार्ट–ए दिनांक 08.04.2021 द्वारा जेम पोर्टल के क्रियान्वयन हेतु पोर्टल में उपलब्ध करायी गयी नवीन सुविधाओं/व्यवस्थाओं के सम्बन्ध में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम अनुभाग–2 के शासनादेश संख्याः 9/2021 /1224/18–2–2021–97(ल0उ0) 2016 दिनांक 06.04.2021 के माध्यम से पोर्टल पर उपलब्ध करायी गयी नवीन सेवाओं, क्रय प्रक्रिया की गुणवत्ता बढ़ाने एवं त्वरित करने हेतु सम्मिलित किये गये अतिरिक्त Funtionalities/feature के सम्बन्ध में जारी निर्देशों से अवगत होने एवं अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित किया गया है।

● उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) ऑपरेशन के पत्र संख्याः ई–500/2021(चुनाव) दिनांक 06.03.2021 द्वारा उत्तर प्रदेश में चार चरणों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव–2021 एवं मतगणना के दौरान उत्कृष्ट व सुव्यवस्थित संचार व्यवस्था व्यवस्थापित कराने के उद्देश्य से अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार, उ0प्र0 द्वारा अपने पर्यवेक्षणाधीन प्रत्येक जनपदों का भ्रमण/निरीक्षण कर पंचायत चुनाव की तैयारियों यथा उपलब्ध संचार उपकरण व संचार की व्यवस्था, पूर्व से अधिष्ठापित समस्त रेडियो केन्द्र/पीए सिस्टम की क्रियाशीलता, अर्न्तजनपदीय संचार व्यवस्था, अर्न्तराज्यीय संचार व्यवस्था, सब–कण्ट्रोल, वैकल्पिक संचार व्यवस्था, शैडो एरिया, संचार उपकरणों की मांग, चुनाव सम्बन्धी बुकलेट, जनपदीय कर्मशाला का संचालन, सेटों का डायवर्जन, मतगणना, जनशक्ति की मांग इत्यादि की समीक्षा एवं रेडियो स्टाफ की मीटिंग कर आख्या प्रस्तुत करने हेतु समस्त उपमहानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) को निर्देशित किया गया है।

## कल्याणकारी कार्य

● पुलिस रेडियो प्रशिक्षण केन्द्र स्थित होम्योपैथिक चिकित्सालय में माह अप्रैल–2021 में 100 कार्मिकों का उपचार किया गया। चिकित्सक से आवश्यक परामर्श द्वारा दूरभाष भी प्रदान कराया गया।

## सेवानिवृत्ति

● उ0प्र0 पुलिस रेडियो से माह अप्रैल/2021 में अधिवर्षता आयु पूर्ण कर निम्न 11 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए–

1. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री दिनेश चन्द्र त्रिपाठी, प्रयागराज, 2. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री शिव राम सिंह, रेडियो मुख्यालय, 3. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री अशोक कुमार, रेडियो मुख्यालय, 4. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सूर्य भान सिंह राठौर, 43वीं वाहिनी पीएसी, 5. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री श्रीचन्द्र सिंह, प्रयागराज, 6. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री सैयद असद अली, रेडियो मुख्यालय, 7. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री महेश कुमार मिश्र, कानपुर नगर, 8. रेडियो उपनिरीक्षक, श्री जमाल अशरफ, हमीरपुर, 9. प्रधान परिचालक/3040, श्री एहसान उल्लाह, लखनऊ, 10. प्रधान परिचालक/2432, श्री राज कुमार अग्रवाल, लखनऊ एवं 11. सहायक परिचालक/2663, बृजेन्द्र कुमार दीक्षित, सीतापुर।

सेवानिवृत्त हुए सभी 11 कार्मिकों को अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार द्वारा हस्ताक्षरित सम्मान–पत्र प्रदान करते हुए सम्मानपूर्वक विदाई दी गयी

## श्रद्धांजलि

● पुलिस रेडियो विभाग में नियुक्त 03 कार्मिकों; प्रतिसार शाखा, रेडियो मुख्यालय, लखनऊ में नियुक्त सहायक परिचालक/1323, जगदीश चन्द्र कनौजिया का दिनांक 05.04.2021 एवं संदेशवाहक, शोभा रानी का दिनांक 07.04. 2021 को तथा जनपद हरदोई में नियुक्त रेडियो उपनिरीक्षक, महिपाल सिंह का दिनांक 22.04. 2021 को असामयिक निधन हो गया है।




उ0प्र0 पुलिस रेडियो के समस्त कार्मिक उक्त साथियों के असामयिक निधन पर अपनी हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हुए इनके परिवारीजन को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने का सम्बल प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना करते हैं।

## वीडियो कान्फ्रेन्सिंग

● उ0प्र0 में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव–2021 के दौरान सुद्दढ़ संचार व्यवस्था स्थापित किये जाने के सम्बन्ध में पुलिस रेडियो मुख्यालय स्थित वीडियो कान्फ्रेन्सिंग कक्ष से निम्न अधिकारियों द्वारा वीडियो कान्फ्रेन्सिंग के माध्यम से 75 जनपदों के पुलिस रेडियो कार्मिकों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिये गये–

| दिनांक | अधिकारी का नाम |
|---|---|
| 12.04.21 | अपर पुलिस महानिदेशक, दूरसंचार |
| 16.04.21 | उपमहानिरीक्षक (पु.दू.) ऑपरेशन |
| 23.04.21 | उपमहानिरीक्षक (पु.दू.) ऑपरेशन |
| 27.04.21 | उपमहानिरीक्षक (पु.दू.) ऑपरेशन |

उक्तानुसार निर्देशित किये जाने के उपरान्त लिखित दिशा–निर्देश भी निर्गत किये गये।

## प्रशिक्षण

- पुलिस रेडियो कार्मिकों के व्यवसायिक ज्ञान एवं व्यवहारिक दक्षता में अभिवृद्धि तथा राजकीय कार्य में गुणवत्तापूर्ण योगदान हेतु, उ0प्र0 पुलिस रेडियो मुख्यालय से द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कार्यशालायें, सप्ताह में 04 कार्य दिवसों में, प्रत्येक दिवस पर समय 1500 बजे से 1630 बजे तक आयोजित करायी जा रही हैं। इस प्रकार अप्रैल–2021 के 04 सप्ताहों में आयोजित 16 कार्यशालाओं में 04 विषयों पर चक्रीय क्रम में कार्मिकों को प्रशिक्षित किया गया है।

## विविध

- रेडियो निरीक्षक, मुज़फ्फरनगर के पत्र संख्याः आरआईजेड–01/2021 दिनांक 20.04.2021 द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 04.04.2021 को जनपद गाज़ियाबाद में सम्पन्न 24वीं अर्न्तजनपदीय मेरठ ज़ोन, मेरठ की पुलिस बॉलीबॉल, बास्केटबॉल, हैण्डबाल, योगा एवं टेबिल टेनिस प्रतियोगिता–2021 में जनपद मुज़फ्फरनगर में नियुक्त प्रधान परिचालक/5495, अर्चना द्वारा महिला वर्ग में टेबिल टेनिस सिंगल्स एवं डबल्स प्रतियोगिता में प्रथम स्थान तथा बॉलीबॉल में द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया है।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव-2021

- उत्तर प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव–2021 के दौरान मतदान निम्न कार्यक्रम के अनुसार सभी 75 जनपदों में सम्पन्न हुआ–

| क्र0 | मण्डल/परिक्षेत्र | जनपद (चरण–प्रथम) दिनांक 15.04.2021 | जनपद (चरण–द्वितीय) दिनांक 19.04.2021 | जनपद (चरण–तृतीय) दिनांक 26.04.2021 | जनपद (चरण–चतुर्थ) दिनांक 29.04.2021 |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सहारनपुर | सहारनपुर | मुज़फ्फरनगर | शामली | |
| 2. | मेरठ | गाज़ियाबाद | बागपत, गौतमबुद्धनगर | मेरठ | बुलन्दशहर, हापुड़ |
| 3. | मुरादाबाद | रामपुर | बिजनौर, अमरोहा | मुरादाबाद | सम्भल |
| 4. | बरेली | बरेली | बदायूँ | पीलीभीत | शाहजहाँपुर |
| 5. | अलीगढ़ | हाथरस | एटा | कासगंज | अलीगढ़ |
| 6. | आगरा | आगरा | मैनपुरी | फिरोज़ाबाद | मथुरा |
| 7. | कानपुर | कानपुर नगर | कनौज, इटावा | औरैया, कानपुर देहात | फर्रुखाबाद |
| 8. | झाँसी | झाँसी | ललितपुर | जालौन | |
| 9. | चित्रकूट | महोबा | चित्रकूट | हमीरपुर | बाँदा |
| 10. | प्रयागराज | प्रयागराज | प्रतापगढ़ | फतेहपुर | कौशाम्बी |
| 11. | लखनऊ | रायबरेली, हरदोई | लखनऊ, लखीमपुर खीरी | उन्नाव | सीतापुर |
| 12. | अयोध्या | अयोध्या | सुल्तानपुर | अमेठी, बाराबंकी | अम्बेडकर नगर |
| 13. | देवीपाटन | श्रावस्ती | गोण्डा | बलरामपुर | बहराइच |
| 14. | बस्ती | सन्त कबीर नगर | | सिद्धार्थनगर | बस्ती |
| 15. | गोरखपुर | गोरखपुर | महराजगंज | देवरिया | कुशीनगर |
| 16. | वाराणसी | जौनपुर | वाराणसी | चन्दौली | गाजीपुर |
| 17. | विन्ध्याचल | भदोही | | मीरजापुर | सोनभद्र |
| 18. | आजगमढ़ | | आजगमढ़ | बलिया | मऊ |
| | | 18 जनपद | 20 जनपद | 20 जनपद | 17 जनपद |

उक्त तिथियों पर सभी 75 जनपदों में निर्विघ्न पुलिस संचार व्यवस्था उपलब्ध करायी गयी जिस हेतु निम्न 17911 संचार उपकरणों एवं सहवर्ती उपकर्मिकाओं का अतिरिक्त आवंटन, वितरण, स्थापना, संचालन, अनुरक्षण एवं एकत्रीकरण किया गया–

### जनपदों को उपलब्ध कराये गये 17911 वायरलेस सेट्स का विवरण

| चुनाव का चरण | जनपदों की संख्या | स्टैटिक/मोबाइल सेट्स | | हैण्ड हैल्ड सेट्स | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | आवंटन | जनपदों को उपलब्ध कराये गये सेट्स की प्रक्रिया | आवंटन | जनपदों को उपलब्ध कराये गये सेट्स की प्रक्रिया |
| प्रथम चरण | 18 | 2440 | सीधे रेडियो मुख्यालय से | 1933 | सीधे रेडियो मुख्यालय से |
| द्वितीय चरण | 20 | 2456 | सीधे रेडियो मुख्यालय से | 1962 | प्रथम चरण के जनपदों से डायवर्जन के माध्यम से |
| तृतीय चरण | 20 | 2610 | प्रथम चरण के जनपदों से डायवर्जन के माध्यम से एवं रेडियो मुख्यालय से | 2056 | द्वितीय चरण के जनपदों से डायवर्जन के माध्यम से |
| चतुर्थ चरण | 17 | 2410 | द्वितीय चरण के जनपदों से डायवर्जन के माध्यम से एवं रेडियो मुख्यालय से | 2044 | तृतीय चरण के जनपदों से डायवर्जन के माध्यम से |
| कुल योग | 75 | 9916 | | 7995 | |

## 4 चरणों की मतदान प्रक्रिया में 75 जनपदों में संचार व्यवस्था के पर्यवेक्षण हेतु राजपत्रित अधिकारियों की लगायी गयी ड्यूटी का विवरण

| क्र0 | अधिकारी का नाम | पदनाम | जनपद का नाम | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | प्रथम चरण दिनांक 15.04.2021 | द्वितीय चरण दिनांक 19.04.2021 | तृतीय चरण दिनांक 26.04.2021 | चतुर्थ चरण दिनांक 29.04.2021 |
| 1 | श्रीमती अंजुल गंगवार | राज्य रेडियो अधिकारी, मेरठ | – | मुजफ्फरनगर | मेरठ | – |
| 2 | श्री अमितराज | अपर राज्य रेडियो अधिकारी, आगरा | आगरा | मैनपुरी | फिरोजाबाद | – |
| 3 | श्री लक्ष्मण सिंह | अपर राज्य रेडियो अधिकारी, बरेली | बरेली | बदायूँ | पीलीभीत | – |
| 4 | श्री सुखवीर सिंह | अपर राज्य रेडियो अधिकारी, साइफर | – | महराजगंज | – | – |
| 5 | श्री बाबूराम | अपर राज्य रेडियो अधिकारी, कर्मशाला | – | बागपत | – | शाहजहाँपुर |
| 6 | श्री आर.एन.एस. यादव | अपर राज्य रेडियो अधिकारी, यादव | गोरखपुर | – | देवरिया | – |
| 7 | श्री सुरेन्द्र कुमार | अपर राज्य रेडियो अधिकारी, वाराणसी | – | वाराणसी | चन्दौली | गाजीपुर |
| 8 | श्री राजेन्द्र कुमार | अपर राज्य रेडियो अधिकारी, कानपुर | कानपुर नगर | कन्नौज | औरेया | फतेहगढ़ |
| 9 | श्री ए.सी. सक्सेना | अपर राज्य रेडियो अधिकारी, लखनऊ | रायबरेली | लखीमपुर खीरी | बाराबंकी | सीतापुर |
| 10 | श्री वी.के. सिंह | अपर राज्य रेडियो अधिकारी, प्रयागराज | प्रयागराज | प्रतापगढ़ | – | – |
| 11 | श्री महेन्द्र सिंह | सहायक रेडियो अधिकारी, अलीगढ़ | हाथरस | एटा | कासगंज | अलीगढ़ |
| 12 | श्री मिश्री लाल शुक्ला | सहायक रेडियो अधिकारी, अयोध्या | अयोध्या | – | अमेठी | – |
| 13 | श्री मोहन लाल | सहायक रेडियो अधिकारी, बस्ती | संतकबीरनगर | – | सिद्धार्थनगर | बस्ती |
| 14 | श्री अनूप कुमार | सहायक रेडियो अधिकारी, बाँदा | महोबा | चित्रकूट | हमीरपुर | – |
| 15 | श्री अनिल कुमार | सहायक रेडियो अधिकारी, बहराइच | श्रावस्ती | – | – | बहराइच |
| 16 | श्री एस.के. पाण्डेय | सहायक रेडियो अधिकारी, झाँसी | झाँसी | ललितपुर | जालौन | बाँदा |
| 17 | श्री जे.पी. सिंह | सहायक रेडियो अधिकारी, लखनऊ | हरदोई | लखनऊ | – | – |
| 18 | श्री रमेश चन्द्र | सहायक रेडियो अधिकारी, मुरादाबाद | रामपुर | बिजनौर | मुरादाबाद | सम्भल |
| 19 | श्री आर.के. सिंह | सहायक रेडियो अधिकारी, गाजियाबाद | गाजियाबाद | – | शामली | बुलन्दशहर |
| 20 | श्री एस.के. मिश्रा | सहायक रेडियो अधिकारी, मीरजापुर | संतरविदास नगर | – | मीरजापुर | सोनभद्र |
| 21 | श्री ए.के. मिश्रा | सहायक रेडियो अधिकारी, गोण्डा | – | गोण्डा | बलरामपुर | कुशीनगर |
| 22 | श्री एस.जेड.ए. रिजवी | सहायक रेडियो अधिकारी, संकेत | सहारनपुर | – | कानपुर देहात | – |
| 23 | श्री आर.के द्विवेदी | सहायक रेडियो अधिकारी, प्रशिक्षण | जौनपुर | इटावा | – | – |
| 24 | श्री एस.के. सिंह | सहायक रेडियो अधिकारी, सुल्तानपुर | – | सुल्तानपुर | – | अम्बेडकरनगर |
| 25 | श्री आई.ए. जैदी | सहायक रेडियो अधिकारी, आजमगढ़ | – | आजमगढ़ | बलिया | मऊ |
| 26 | श्री भगवान राम | सहायक रेडियो अधिकारी, प्रयागराज | – | अमरोहा | फतेहपुर | कौशाम्बी |
| 27 | श्री शैलेश कुमार मौर्य | सहायक रेडियो अधिकारी, गौतमबुद्धनगर | – | गौतमबुद्धनगर | – | हापुड़ |
| 28 | श्री राजकमल सिंह | सहायक रेडियो अधिकारी, साइफर | – | – | उन्नाव | – |
| 29 | श्री मोहन सिंह | सहायक रेडियो अधिकारी, मथुरा | – | – | – | मथुरा |

## 4 चरणों की मतदान प्रक्रिया में जनपदों में संचार व्यवस्था की स्थापना, संचालन एवं अनुरक्षण हेतु लगाये गये 1033 रेडियो कार्मिकों का विवरण

| प्रथम चरण | | | द्वितीय चरण | | | तृतीय चरण | | | चतुर्थ चरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र0 | जनपद | आवंटन | क्र0 | जनपद | आवंटन | क्र0 | जनपद | आवंटन | क्र0 | जनपद | आवंटन |
| 1 | SRR | 16 | 1 | ZUF | 12 | 1 | SMI | 8 | 1 | BHR | 27 |
| 2 | GZB | 11 | 2 | BPT | 12 | 2 | MRT | 17 | 2 | HPR | 6 |
| 3 | RPR | 12 | 3 | GBN | 8 | 3 | MDD | 13 | 3 | SBL | 8 |
| 4 | BRY | 18 | 4 | BJR | 10 | 4 | PBT | 11 | 4 | SHA | 15 |
| 5 | HTS | 10 | 5 | AMH | 9 | 5 | KSJ | 8 | 5 | AIH | 16 |
| 6 | AGA | 20 | 6 | BDN | 11 | 6 | FRZ | 16 | 6 | MTA | 22 |
| 7 | KNC | 21 | 7 | ETH | 14 | 7 | AUR | 13 | 7 | FGH | 7 |
| 8 | JSI | 12 | 8 | MPI | 11 | 8 | KND | 11 | 8 | BNA | 24 |
| 9 | MBA | 12 | 9 | KNJ | 11 | 9 | JLN | 12 | 9 | KSI | 17 |
| 10 | PRJ | 16 | 10 | EWH | 8 | 10 | HMR | 12 | 10 | STP | 11 |
| 11 | RBI | 10 | 11 | LTP | 16 | 11 | FHR | 16 | 11 | ABN | 15 |
| 12 | HDI | 12 | 12 | CKT | 12 | 12 | UAO | 10 | 12 | BRH | 19 |
| 13 | AYA | 14 | 13 | PBH | 9 | 13 | AMT | 8 | 13 | BSI | 17 |
| 14 | SVI | 14 | 14 | LKW | 17 | 14 | BBK | 15 | 14 | KSN | 16 |
| 15 | KBN | 12 | 15 | KHI | 9 | 15 | BLR | 17 | 15 | GZR | 15 |
| 16 | GKR | 15 | 16 | STR | 14 | 16 | SDR | 17 | 16 | SBR | 21 |
| 17 | JNR | 9 | 17 | GDA | 14 | 17 | DOA | 20 | 17 | MAU | 13 |
| 18 | SRN | 8 | 18 | MRJ | 20 | 18 | CDI | 18 | - | - | - |
| - | - | - | 19 | VNS | 11 | 19 | MZR | 15 | - | - | - |
| - | - | - | 20 | AZH | 20 | 20 | BLA | 17 | - | - | - |
| कुल योग | | 242 | कुल योग | | 248 | कुल योग | | 274 | कुल योग | | 269 |

लेखन, सम्पादन एवं डिज़ाइन– श्री सत्य प्रकाश सिंह, उप महानिरीक्षक (पुलिस दूरसंचार) एमसीआर
डिज़ाइन सहयोग–श्री अजय कुमार सोनकर, प्रधान परिचालक।